# मा0 जिलाधिकारी महोदय जनपद ललितपुर के द्वारा दिनांक 28.11.2024 को जल जीवन मिशन की समीक्षा बैठक का कार्यवृत्त।

मा0 जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत किये जा रहे कार्यों की समीक्षा कलेक्ट्रेट स्थित सभागार में दिनांक–28.11.2024 को किया गया है। बैठक में निम्नलिखित अधिकारी उपस्थित रहे–

1. जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
2. अपर जिलाधिकारी महोदय, ललितपुर।
3. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), ललितपुर।
4. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय, (वि0 / यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
5. अधिशासी अभियन्ता विद्युत वितरण (खण्ड 1 व 2) ललितपुर।
6. प्रतिनिधि वन विभाग ललितपुर।
7. श्री अरूण कुमार बौद्ध, सहायक अभियंता उ0प्र0 जल निगम, ललितपुर।
8. श्री आर0 सी0 गुप्ता, टीम लीडर थीम पी0एम0सी0, ललितपुर।
9. श्री आशुतोष श्रीवास्तव, डी0पी0एम0, टी0पी0आई0, ललितपुर।
10. श्री धीरज कुमार, सहायक अभियंता (SWSM), (वि0 / यां0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
11. श्री सुभाष विश्नोई, प्रोजेक्ट मैनेजर, डारा ललितपुर।
12. श्री तपन बेरा, प्रोजेक्ट मैनेजर, जे0एम0सी0 ललितपुर।
13. श्री आकाश सिंह, मेसर्स सुधाकरा के प्रतिनिधि ललितपुर।
14. श्री अमित सिंह, प्रोजेक्ट मैनेजर, ब्रिज बानको ललितपुर।

बैठक में जिलाधिकारी महोदय द्वारा जनपद ललितपुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत क्रियान्वित कुल 15 ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के कार्यों से सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं को निम्न निर्देश दिये गये–

1. विद्युत विभाग एवं जल निगम द्वारा सूचित किया गया कि वन क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले 21 स्थलों के स्वतन्त्र विद्युत कनेक्शनों में से 4 स्थलों (मड़ावरा योजना में इंसरी स्थित WTP दिनांक 28.10.2024, टोरी ग्राम समूह योजना के बंडई डैम स्थित Intake well, धौरी सागर स्थित WTP दिनांक 04.11.2024 एवं बम्हौरी खुर्द स्थित CWR दिनांक 03.11.2024) को स्वतन्त्र ऊर्जाकृत विद्युत कनेक्शन कर दिये गये है। शेष 17 स्थलों के स्वतन्त्र ऊर्जाकृत के कार्य को तीव्र गति से करने के लिए जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता (खण्ड 1 व 2) को निर्देशित किया गया।
2. विद्युत विभाग द्वारा सूचित किया गया कि मसौरा–सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजना के खजुरिया स्थित CWR एवं बिल्ला मोगान पेयजल योजना के अन्तर्गत डगराना स्थित CWR के खराब हुए ट्रांसफार्मर को दिनांक 05.12.2024 तक मरम्मत का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।
3. वन विभाग के प्रतिनिधियों द्वारा सूचित किया गया कि पेड़ों कि लॉटिंग का कार्य दिनांक 30.11.2024 तक पूर्ण करा दिया जायेगा। वन विभाग के प्रतिनिधियों ने सूचित किया कि पेड़ों कि कटाई वन निगम द्वारा किया जायेगा। जिसके लिए जल निगम को पेड़ों कि कटाई के लिए धनराशि जमा करनी पड़ेगी। इस सम्बन्ध में वन विभाग को निर्देशित किया गया कि पेड़ों कि कटाई के सम्बन्ध में धनराशि जमा करने हेतु शासन आदेश कि प्रतिलिपि प्रस्तुत करें।
4. वन विभाग द्वारा सूचित किया गया कि किसरदा CWR, कुरैरा CWR, और भौंरट Intake के लिए जाने वाली लाइन के मार्ग पर आने वाले 18 पेड़ों कि कटाई कि धनराशि जल निगम के द्वारा जमा करने के उपरान्त 1 सप्ताह में कर दी जायेगी। विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा सूचित किया गया कि पेड़ों कि कटाई के पश्चात 15 दिन में विद्युत कनेक्शन का कार्य पूर्ण कर दिया जायेगा।

04/12/24

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

5. विद्युत विभाग द्वारा सूचित किया गया कि मसौरा–सिंदवाहा के विद्युत कनेक्शन के लिए सिलावन वाली लाइन डूब क्षेत्र में है, जिसके कारण कनेक्शन प्रदान करने में कठिनाई हो रही है। इसके लिए मिर्चवारा से Diversion करके कनेक्शन प्रदान हेतु प्रपोजल विद्युत विभाग के उच्च अधिकारियों को प्रेषित किया गया है जिसकी अनुमति लम्बित है।
6. जल निगम द्वारा विद्युत विभाग से विद्युत आपूर्ति का रोस्टर प्रस्तुत करने के लिए निवेदन किया गया है।
7. विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता द्वारा निवेदन किया गया कि लो वोल्टेज वाले स्थलों पर कार्यदायी संस्थाएं कुशल कार्मिक कि उपलब्धता सुनिश्चित करें।
8. जिलाधिकारी महोदय द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को विद्युत बिल का भुगतान समय से करने हेतु निर्देशित किया गया।
9. अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा निवेदन किया गया कि समय से विद्युत बिल का भुगतान न करने के कारण कार्यदायी संस्थाओं पर लगायी जाने वाली पेनाल्टी एवं टेपिंग द्वारा ऊर्जाकृत विद्युत संयोजन में Fixed charge को Waive off किया जाए।
10. जल निगम के अधिशासी अभियन्ता (वि०/यां०) द्वारा जिलाधिकारी महोदय को सूचित किया गया कि विभिन्न योजनाओं में कुल 86 स्वतन्त्र ऊर्जाकृत कनेक्शन किये जाने है। जिनमें से वर्तमान में 61 स्थलों के लिए स्वतन्त्र ऊर्जाकृत कनेक्शन कर दिये गये है। अधिशासी अभियन्ता द्वारा योजनावार किये गये विद्युत कनेक्शनों कि जानकारी जिलाधिकारी महोदय को दी गयी जो निम्न प्रकार है--

| Sr. No | Name of Scheme | Name of Contractor | No. of Electric Connection Required | No. of Electric Connection Done | | Total |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Independent Energized | Tapping Energized | |
| 1 | Lagon GOV | GPL/Sudhakara | 10 | 9 | 1 | 10 |
| 2 | Kachnoda Kalan GOV | GPL/Sudhakara | 9 | 8 | 1 | 9 |
| 3 | Dhorra-Balabehat GOV | GPL/Sudhakara | 6 | 0 | 3 | 3 |
| 4 | Jakhlaun-Birdha GOV | GPL/Sudhakara | 6 | 0 | 4 | 4 |
| 5 | Kadesrakalan-Mau GOV | GPL/Sudhakara | 6 | 2 | 3 | 5 |
| 6 | Sojna-Gurha GoV | Dara Engineering | 4 | 4 | 0 | 4 |
| 7 | Sukulguwan GOV | Dara Engineering | 4 | 4 | 0 | 4 |
| 8 | Madanwara GOV | Dara Engineering | 3 | 3 | 0 | 3 |
| 9 | Bill-Mogaon GOV | Dara Engineering | 5 | 4 | 0 | 4 |
| 10 | Badanpur GOV | Dara Engineering | 5 | 4 | 1 | 5 |
| 11 | Saidpur-Kumhrehi GOV | JMC-JWIL (JV) | 6 | 6 | 0 | 6 |
| 12 | Gona-Narahat GOV | JMC-JWIL (JV) | 7 | 7 | 0 | 7 |
| 13 | Masora-sindwaha GOV | JMC-JWIL (JV) | 8 | 3 | 0 | 3 |
| 14 | Chandawali GOV | BRIJ- BANCO (JV) | 4 | 4 | 0 | 4 |
| 15 | Tori GOV | BCPL-GIPL (JV) | 3 | 3 | 0 | 3 |
| G.Total :- | | | 86 | 61 | 13 | 74 |

11. जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता को कड़ेसरा ग्राम समूह पेयजल योजना के Intake well एवं Taping से संचालित विद्युत संयोजनों को दिनांक 05.12.2024 तक स्वतन्त्र ऊर्जाकृत करने हेतु निर्देशित किया गया।
12. अधिशासी अभियन्ता जल निगम द्वारा अवगत कराया गया कि 4 ग्राम समूह पेयजल योजनाएं क्रमशः लागौन, बदनपुर, सुकुलगुवां एवं टोरी को O&M में लाने कि प्रक्रिया प्रगति पर है। कार्यदायी संस्थाओं द्वारा O&M सम्बन्धित अभिलेखों को प्रस्तुत किया जा रहा है। लागौन एवं टोरी के अभिलेख सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं द्वारा पोर्टल पर अपलोड कर दिया गया है।
13. अधिशासी अभियन्ता द्वारा जिलाधिकारी महोदय को अवगत कराया गया कि शेष ग्राम समूह योजनाओं जो Trial & Run पर है, माह दिसम्बर में O&M में जाने कि प्रक्रिया प्रारम्भ कि जायेगी। बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना के कमिशनिंग का कार्य प्रगति पर है। वर्तमान में दिनांक 28.11.2024 तक 23 ग्रामों के सापेक्ष 11 ग्रामों की कमिशनिंग का कार्य कार्यदायी संस्था द्वारा किया गया है। बिल्ला मोगान ग्राम समूह पेयजल योजना में भौंरट बांध स्थित Intake well पर स्वतन्त्र ऊर्जाकृत कनेक्शन न होने के कारण कमिशनिंग का कार्य बाधित हो रहा है। इस सम्बन्ध में जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग के अधिशासी अभियन्ता (खण्ड–2) को विद्युत कनेक्शन शीघ्र करने हेतु निर्देशित किया गया।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner

मेसर्स सुधाकरा के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि धौर्रा–बालाबेहट एवं जाखलौन–विरधा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं का शेष कार्य दिनांक 20.12.2024 तक पूर्ण कर दिया जायेगा।

15. जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स सुधाकरा, मेसर्स दारा एवं मेसर्स जे0एम0सी के प्रतिनिधियों को उनकी योजनाओं में शेष पाइप लाइन क्रमशः कचनौंदा 45 किमी0, जाखलौन 19 किमी0, धौर्रा 5.5 किमी0, सोजना 4 किमी0, मड़ावरा 6 किमी0, गौना 6.7 किमी0 एवं मसौरा–सिंदवाहा 7 किमी0 को दिनांक 30.12.2024 तक पूर्ण करने के लिए निर्देशित किया गया।

16. मेसर्स जे0एम0सी0 के प्रतिनिधि द्वारा अवगत कराया गया कि दिनांक 15.12.2024 तक सैदपुर–कुम्हौड़ी, गौना–नाराहट एवं मसौरा–सिंदवाहा ग्राम समूह पेयजल योजनाओं के शेष कार्य पूर्ण कर लिए जायेंगे।

17. मेसर्स दारा के प्रतिनिधि द्वारा सूचित किया गया कि सोजनागुढ़ा ग्राम समूह पेयजल योजना के शेष कार्य दिनांक 20.12.2024 तक पूर्ण कर लिए जायेंगे।

18. मेसर्स ब्रिज बानको के प्रतिनिधि द्वारा सूचित किया गया कि चन्दावली ग्राम समूह पेयजल योजना के शेष कार्य दिनांक 20.12.2024 तक पूर्ण कर लिए जायेंगे।

19. जिलाधिकारी महोदय द्वारा विद्युत विभाग, वन विभाग एवं जल निगम के अधिकारियों को निर्देशित किया कि दिनांक 05,12.2024 को पूर्वाह्न 11:30 बजे विद्युत कनेक्शन के कार्यों कि समीक्षा बैठक करें।

(राजेश कुमार श्रीवास्तव)
अपर जिलाधिकारी
नमामि गंगे एवं ग्रामीण जलापूर्ति
ललितपुर।

## कार्यालय जिलाधिकारी ललितपुर।

पत्रांक– 712 / एस० डी० (नमामि गंगे) / 2024-25 दिनांक 04–12–2024

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ प्रेषित।

1. अधिशासी निदेशक महोदय SWSM लखनऊ को सादर सूचनार्थ।
2. जिलाधिकारी महोदय ललितपुर को सादर सूचनार्थ।
3. अधिशासी अभियन्ता खण्ड कार्यालय उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण) ललितपुर।
4. अधीक्षण अभियन्ता विद्युत वितरण, ललितपुर।
5. प्रभागीय निदेशक, सामाजिक वानिकी प्रभाग, ललितपुर।
6. अधिशासी अभियंता खण्ड कार्यालय (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
7. टीम लीडर, पी0एम0सी0 ललितपुर।
8. डी0पी0एम0, टी0पी0आई0 ललितपुर।
9. श्री धीरज कुमार, सहायक अभियंता (SWSM), (वि0/यां0) उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), झांसी।
10. समस्त कार्यदायी संस्था जल जीवन मिशन ललितपुर।

अपर जिलाधिकारी
ललितपुर।

Scanned with OKEN Scanner
Scanned with OKEN Scanner